卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये॥
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 345 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦23 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## दून में सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे कांग्रेसी

देहरादून (उद संवाददाता)। आपदा प्रभावित किसानों की मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग को लेकर पूर्व सीएम हरीश रावत के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ शनिवार को जोरदार प्रदर्शन कर धरना किया। पूर्व सीएम हरीश रावत ट्रैक्टर में सवार होकर धरना स्थल पहुंचे। इस बीच कांग्रेसियों ने प्रदर्शनकारियों को रोक लिया जिसको लेकर पुलिस के साथ कांग्रेसियों की नोंक झोंक भी हुई। हरीश रावत के आहवान पर धरना प्रदर्शन के लिए समर्थकों की भारी भीड़ जुट गई। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आपदा से प्रभावित किसानों की मुआवजा राशि बढ़ाए जाने के लिए धरना स्थल पहुंचे। पुलिस ने हाथीबड़कला के पास बेरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस कार्य कर्ताओं को आगे जाने से रोक दिया। जिसे लेकर पुलिस के साथ तीखी नोंक-झोंक भी हुई। इस दौरान कांग्रेसियों ने (शेष पृष्ठ सात पर)



## बागेश्वर की नवनिर्वाचित विधायक को दिलाई शपथ

देहरादून (उद संवाददाता)।बागेश्वर सीट से नवनिर्वाचित विधायक पार्वती दास को विधानसभा स्थित कार्यालय में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल भी मौजूद थे। बता दें बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास 2405 (शेष पृष्ठ सात पर)



## व्यापारियों ने एनएच पीडी के पुतले की शव यात्रा निकाली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुर्नवास की मांग को लेकर आंदोलित लोहिया मार्केट एवं नेहरू मार्केट के उजाड़े गये व्यापारियों ने आज एनएच विभाग के पीडी के पुतले की शव यात्रा निकालकर अंगददेव काम्पलेक्स स्थित एनएच कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन के साथ पुतले को काम्पलेक्स के आगे आग के हवाले किया। इससे पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारी रोडवेज के सामने एकत्रित हुए जहां से नारेबाजी करते हुए पीडी के पुतले की शव यात्रा प्रारम्भ की। व्यापारी नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में एनएच कार्यालय के समक्ष पहुंचे। जहां पुतले को आग के हवाले कर दिया गया। संजय जुनेजा ने राषित स्वर में कहा कि एनएच के पीडी विकास कुमार हिटलर शाही तरीके से व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की दुकानों द्वेष भावना से तोड़ा गया है। वहीं अतिक्रमण हटाने के नाम पर दोहरी नीति भी अपनाई गई। उन्होंने कहा कि जी 20 सम्मेलन की आड़ लेकर एक ओर मुख्य मार्ग के काफी पीछे की दुकानों को तोड़ दिया गया जबकि एसएसपी कैंप कार्यालय से नगर निगम तथा रोडवेज व शराब भट्टी के भवनों पर पूरी तरह से छोड़ दिया गया। संजय ने कहा पीडी द्वारा अतिक्रमण हटाने (शेष पृष्ठ सात पर)





## बेरोजगारी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बेरोजगारी से तंग आकर एक व्यक्ति ने अपनी ससूराल में फासंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौ के पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लिया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिसजवाया। जानकारी के अनुसार 38 वर्षीय मुनेंद्र गिरी मूल निवासी थाना बजीरगंज बिसौली बदायूं यहां हरिनगर स्थित अपनी ससुराल में परिवार सहित रहता था। उसकी तील पुत्रियां एवं गर्भवती पत्नी है। बताया जाता है कि आज प्रातः जब उसकी पुत्रियां स्कूल जाने के लिए तैयार होने कमरे में गई तो उन्होंने अपने पिता को कमरे में फांसी पर लटका देखा। शोर का आवाज सुनकर परिजनों के साथ ही आस पड़ोस के लोग भी आ पहुंचे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। फंदे उतार कर मुनेन्द्र को तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के साले प्रमोद ने बताया बताया कि मृतक मुनेन्द्र काम की तलाश में घूता रहता था। काम कभी मिल गया तो कर लिया नहीं तो मायूस होकर घर

## हेलीकाप्टर की टिकट बुकिंग के नाम पर हजारों की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केदारनाथ यात्रा के लिए कराई गई हेलीकाप्टर बुकिंग के नाम पर रूद्रपुर निवासी एक व्यक्ति से हजारों रूपये की ठगी कर ली गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में भरत सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी श्री बीकानेर स्वीट्स, रुद्रपुर ने कहा है कि 30 मई 2023 को उसने केदारनाथ हेलिकाप्टर बुकिंग वेबसाइड पर जाकर की थी। उसे एक मोबाईल नंबर प्राप्त हुआ है जिस पर उसने फोन किया तो उक्त नम्बर से दो टिकट कराई गयी। पहली टिकट 06 जून 2023 को 5 मेम्बर के हिसाब से बुकिंग कराई थी जिसकी धनराशि 38750 रूपये आनलाईन पे की गई । दूसरी टिकट 18 जून 2023 को 8 मेम्बर के हिसाब से बुकिंग कराई गयी थी जिसकी धनराशि 37760 रूपये आनलाईन पे की गई । उसने बताया कि 6 जून 2023 को यात्री करने वाली यात्रीगण हलिकाप्टर टिकट काउन्टर पर पहुंचे तो उनके द्वारा बताया गया कि यह टिकट फर्जी है तथा फर्जी तरीके से बुक की गयी है। उसके पश्चात उसके रिश्तेदारों को पैदल यात्रा करनी पड़ी। उक्त वेबसाइड सरकारी वेबसाईड है।जहां कुछ लोगों द्वारा फर्जी वेबसाईड बनाकर यात्रियों से धोखाधड़ी कर धनराशि हड़पी जा रही है। उससे 76,510 रूपये हड़पे गये। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सरकार जनसमस्याओं पर गंभीर:रेखा

### खाद्य मंत्री ने किया भारत के पहले फ्लोस्पेन गोदाम का लोकार्पण

रामनगर(उद संवाददाता)। शनिवार को प्रदेश की खाद्य मंत्री रेखा आर्य ने आम डंडा स्थित राजकीय खाद्य भंडारण के कार्यालय पहुंचकर भारत के पहले फ्लोस्पेन गोदाम का लोकार्पण किया। इससे पहले राशन डीलरों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री का जोरदार स्वागत किया। वही राशन डीलरों एवं विभाग के कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के समाधान को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। जिस पर विभागीय मंत्री ने मांगो का समाधान करने (शेष पृष्ठ सात पर)





## अवैध चरस सहित तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई संजय सिंह साथी पुलिस कर्मियों का. भूपाल सिंह, लक्ष्मण सिंह व जीवन चन्द्र के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान नगला बाईपास पर एक व्यक्ति रेलवे पटरी से आता दिखाई दिया । पुलिस कर्मियों को देखकर जब वह पीछे मुड़कर भागने लगा पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता सुन्दर सिंह बिष्ट उर्फ (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'खाद्य सुरक्षा' पर 'ढीली पड़ती' उत्तराखंड की 'पकड़'

### फूड सेफ्टी इंडेक्स में लुढ़का उत्तराखंड, कई कई साल नहीं आती जांच रिपोर्ट

■ अर्श

रूद्रपुर। उत्तराखंड में खाद्य सुरक्षा की स्थिति साल दर साल डावाडोल होती जा रही है। पिछले साल जहां उत्तराखंड खाद्य सुरक्षा इंडेक्स में सातवें स्थान पर था वही इस वर्ष उत्तराखंड खाद्य सुरक्षा इंडेक्स में चार स्थान का गोता खाकर 11वें स्थान पर आ गया है। जाहिर है कि उत्तराखंड में खाद्य सुरक्षा का ग्राफ नीचे की ओर अग्रसर है और इस दिशा में सरकारी स्तर पर गंभीर प्रयास की जरूरत है ।स्टेट फूड सेफ्टी इंडेक्स (एसएफएआइ) 2022-23 की रिपोर्ट भी इसी ओर संकेत कर रही है । भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार देश के 20 बड़े राज्यों की सूची में उत्तराखंड 11वें स्थान पर है, जबकि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश का स्थान पांचवां है ।चिंता का विषय तो यह है कि पिछले वर्ष की तुलना में उत्तराखंड इस बार चार रैंक नीचे लुढ़क गया है। बताना होगा कि फूड सेफ्टी इंडेक्स का निर्धारण तीन श्रेणियों में किया गया है, जिसमें उत्तराखंड देश के 20 बड़े राज्यों के साथ पहली श्रेणी में है। फूड सिक्योरिटी इंडेक्स में राज्यों का प्रदर्शन का आकलन खाद्य सुरक्षा के पांच मानकों के तहत 100 प्रतिशत अंक के आधार पर किया गया है ।इनमें आधारभूत संरचना और मानव संसाधन की श्रेणी में उत्तराखंड को अपेक्षाकृत कम अंक मिले हैं। यही वजह है कि उत्तराखंड 100 में से 39 अंक लेकर सातवीं से 11वीं रैंक पर फिसल गया है ।उत्तराखंड में (शेष पृष्ठ सात पर)




रस्म पगड़ी/भोग



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति **श्री सतीश कुमार** (सुपुत्र स. सोहन लाल छाबड़ा) का आकस्मिक निधन दिनांक 17 सितम्बर 2023 को हो गया है उनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी/भोग दिनांक 25 सितम्बर 2023 दिन सोमवार** को दोपहर 12 से 1 बजे तक श्री गुरूद्वारा साहिब फुलसुंगी, रूद्रपुर में होगा।

शोकाकुल परिवार

राधा-गुलशन खुराना (बहन-बहनोई) | अनिता रानी (पत्नी)
शीनम-राहुल बांगा (पुत्री-दामाद) | नवनीत छाबड़ा 'नोनी' (पुत्र)
मोनी-अंकित शर्मा (पुत्री-दामाद) | अनिल छाबड़ा-उषा रानी (भाई-भाभी)
भावना-रोहित बांगा 'लवी' (पुत्री-दामाद) | रवि छाबड़ा-शीनू (पुत्र-पुत्रवधू)
आंचल-आकाश नरूला (पुत्री-दामाद) | राहुल छाबड़ा (भतीजा)
**एवं समस्त छाबड़ा व अछरेजा परिवार** | नंदिका (पौत्री)
मो. 9897877966,9045910007

# उधम सिंह नगर में 1880 .58 करोड़ निवेश के प्रस्ताव मिले

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में उद्योग मित्र एवं ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट 2023 हेतु जनपद को प्राप्त निवेश एवं लैंड बैंक के लक्ष्य की प्रगति के संबंध में बैठक का आयोजन जिला कार्यालय सभागार में किया गया। जिसमें महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद को 3000 करोड़ के निवेश का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष अतिथि तक 1880.58 करोड़ के निवेश प्राप्त हो चुके हैं। महाप्रबंधक द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त रेखीय विभागों से अनुरोध किया गया कि उनके क्षेत्रीय अधिकारियों अथवा कार्यालय में संपर्क करने वाले ऐसे व्यक्ति जो भविष्य में विनिर्माण, सेवा क्षेत्र के साथ-साथ मॉल, स्कूल, हॉस्पिटल आदि औद्योगिक गतिविधियों में निवेश करना चाहते हैं तो उनकी सूचना महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र उधम सिंह नगर कार्यालय को अवश्य दें ताकि जनपद को प्राप्त लक्ष्य को पूर्ण करने में सहायता मिल सके बैठक में उपस्थित क्षेत्र प्रबंधक सिडकुल पंतनगर द्वारा अध्यक्ष को अवगत कराया गया कि जनपद में राज्य का सबसे बड़ा लैंड बैंक बनाए जाने की प्रक्रिया गतिमान है जिसमें खुर्फिया फॉर्म की 1000 एकड़ भूमि व काशीपुर क्षेत्र में 800 एकड़ भूमि चिन्हांकन सहित कुल 6000 एकड़ भूमि को लैंड बैंक हेतु चिन्हित किया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल काशीपुर द्वारा अवगत कराया गया कि कुल काशीपुर में 5000 करोड़ के नए निवेश एवं 890 करोड़ के एक्सपेंशन सहित कुल 5890 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल पंतनगर एवं एसडीम रुद्रपुर द्वारा अवगत कराया गया कि छतरपुर में मुख्यमंत्री घोषणा के तहत रेलवे गुड्स सेट का निर्माण किया जाना है, जिससे जनपद में स्थापित होने वाले उद्योगों को ट्रांसपोर्टेशन में अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र द्वारा समस्त औद्योगिक संस्थानों से अनुरोध किया गया कि उनके संपर्क में आए ऐसे उद्यमी जो जनपद में औद्योगिक निवेश के इच्छुक हैं वह इसकी सूचना संकलित कर उपलब्ध करा दें। इसी क्रम में केजीसीसीआई के अध्यक्ष अशोक कुमार बंसल द्वारा विभिन्न इकाइयों के



488 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव उनको उपलब्ध कराए गए हैं।क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल सितारगंज द्वारा अवगत कराया गया कि सिडकुल में अतिवृष्टि के समय पर सिडकुल भूमि का कटाव होने लगता है जिससे सड़कों के साथ-साथ साइड भूमि को भी काफी नुकसान होता है। डीएम ने क्षेत्र प्रबंधक सिडकुल को निर्देशित किया गया की भूमि की नपाई करने के उपरांत प्रस्ताव तैयार करें जिस पर क्षेत्र प्रबंधक सिडकुल द्वारा अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि सिंचाई विभाग द्वारा उक्त भूमि का प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया गया है। औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा अनुरोध किया गया कि जब भी डीएम अथवा अन्य विभागीय अधिकारी किसी औद्योगिक क्षेत्र की विजिट करें तब वह संबंधित क्षेत्र के औद्योगिक संघ के प्रतिनिधियों को भी अवगत करा दें ताकि औद्योगिक प्रतिनिधि क्षेत्र की स्थिति को भलीभांति जानते हैं। डीएम द्वारा सदस्य सचिव एवं महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सहित अन्य रेखीय विभागों को निर्देशित किया कि उनके विभाग में औद्योगिक निवेश के संबंध में संपर्क करने वाले व्यक्तियों की हर प्रकार से सहायता एवं कार्य तीव्र गति से करते हुए अन्य कार्यों हेतु मार्गदर्शन दिया जाए। डीएम ने औद्योगिक भूमि परिवर्तन अथवा अन्य कार्य जो जिला प्रशासन अथवा कलेक्ट्रेट से संबंधित प्रकरणों आदि के त्वरित गति से निस्तारण हेतु उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र का नोडल अधिकारी नामित किया ताकि भूमि परिवर्तन की अतिरिक्त अन्य प्रशासनिक स्तर के कार्य त्वरित गति से संपादित किये जा सके। जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिये कि वह अपने कार्यालय में औद्योगिक परामर्श केन्द्र की स्थापना करना सुनिश्चित करें और हेल्पलाईन नंबर भी जारी करें ताकि उद्यमी को किसी भी प्रकार की समस्या आने पर वह उसे नंबर पर कॉल कर समस्या के समाधान के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सके। जिलाधिकारी ने कहा कि इन्वेस्टर समिट हेतु प्राप्त लक्ष्य हम सब का लक्ष्य है, जिस टीम भावना के साथ कार्य कर पूर्ण किया जा सकता है। उन्होने कहा कि हम टीम भावना से कार्य करेंगे तो निश्चित तौर पर लक्ष्य से अधिक प्रगति प्राप्त करना संभव होगा। बैठक में क्षेत्र प्रबंधक सिडकुल पंतनगर उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या, अध्यक्ष केजी सीसीई अशोक कुमार बंसल, अध्यक्ष एस ए डब्ल्यू एस श्रीकर सिंह,कृष्ण कुमार सत्यवाली अध्यक्ष स्सीवा सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं औद्योगिक क्षेत्र संबंधित प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आधुनिक फायर सेफ्टी उपकरणों का किया डेमोस्ट्रेशन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्निशमन एवं आपात सेवा केन्द्र रुद्रपुर ने नई पहल करते हुए करम सेफ्टी पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट्स व अन्य आधुनिक सेफ्टी उपकरणों का डेमोस्ट्रेशन आयोजित किया गया। जिसमें अग्निशमन प्रभारी व अन्य कर्मचारी थे। इस दौरान करम सेफ्टी इंटरप्राइजेज के कर्मचारियों द्वारा पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट्स व सेफ्टी उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई । फायर स्टेशन के समस्त कर्मचारियों द्वारा उक्त आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा





इंटरप्राइजेज सितारगंज द्वारा मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद उधम सिंह नगर ईशान कटारिया की अध्यक्षता में अधिकारी गिरीश सिंह बिष्ट, जनपद के समस्त फायर स्टेशनों के प्रभारी, पुलिस लाइन व 31वी वाहिनी पीएसी में ट्रेनिंग अन्य आधुनिक सेफ्टी उपकरणों का डेमोनस्ट्रेशन दिया गया। जिसमें उक्त कंपनी के कर्मचारियों द्वारा अत्याधुनिक लिया गया तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा उक्त आयोजन में मौजूद समस्त लोगों का संबोधन भी किया गया।

## दो युवकों की मौत के आरोपी कार चालक के खिलाफ रपट

रूद्रपुर (उद एसंवाददाता)। विगत दिवस शांतिपुरी गोलागेट के पास कार की टक्कर से दो युवकों की हुई मौत तथा दो के घायल होने के मामले में आरोपी कार चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में नरेश यादव पुत्र स्व. महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम सराय तल्फी थाना थना गंज जिला बरेली ने कहा है कि उसका पुत्र अंकित यादव 20 सितम्बर को शान्तिपुरी गोलगेट के पास सवारी का इन्तजार कर रहा था। उसी समय मोटर साईकिल से आ रहे सोनू पुत्र अवधेश निवासी सराय तल्फी बरेली व दीपक पुत्र राजकुमार मिल गये । उसके पुत्र से वह दोनो रोड किनारे खड़े होकर वार्ता कर रहे थे तभी हल्द्वानी को जा रही मोटरसाईकिल को चलाकर जा रहे जसवीर सिंह हुन्डल पुत्र स्व. रंजीत सिह निवासी उत्तम नगर केला ग्रुप थाना बहेड़ी पास से गुजर रही थी कि अचानक हल्द्वानी की तरफ से आ रही आल्टो कार संख्या यूके 06 एएम 0838 के चालक ने पास से गुजर रही बाईक मे टक्कर मारते हुये रोड किनारे खड़े तीनों को भी टक्कर मार दी। इस दुर्घटना मे आयी चोटों के कारण उसके पुत्र अंकित यादव व जसवीर सिंह हुन्डल की मौके पर मौत हो गई तथा दोनो घायल सोनू व दीपक का निजी अस्पताल मे उपचार चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कार चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं

## गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का किया अन्नप्राशन

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाल विकास परियोजना गदरपुर के अंतर्गत दिनेशपुर में पोषण संबंधित मेले का विकास परियोजना द्वारा विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रो पर मोटे अनाज की गुणवत्ता का प्रचार प्रसार और उनके अवगत कराए जाने का आह्वान किया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन भी





आयोजन किया गया जिसमें गोद भराई, अन्नप्राशन संबंधी तथा विभिन्न प्रकार के पौष्टिक आहारो के महत्व संबंधी जानकारी दी गई इस अवसर पर सुपरवाइजर नीमा बिष्ट ने कहा बाल प्रयोग किए जाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । उन्होंने सभी आंगनबाड़ी कार्यकतियों से अपने अपने क्षेत्र में सभी परिवारों को मोटे अनाज की गुणवत्ता एवं प्रयोग से किया गया । इस मौके पर सुपरवाइजर शफीकन खान,दीपा उप्रेती ,दरशो राणा,आगनवाड़ी कार्यकत्री गुड़िया ,रमा दास, मिनती ,गीता बेहड़,पिंकी, शालू मंडल आदि समेत कई लोग शामिल थे।

## संत राजिन्दर सिंह महाराज का सत्संग 27-28 को दून में

देहरादून(उद संवाददाता)।सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख व मानव एकता सम्मेलन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज 27 सितंबर को देहरादून में सत्संग प्रवचन हेतु पधार रहे हैं। वे देहरादून में दो दिन सत्संग फरमायेंगे, जिसका आयोजन सावन कृपाल रूहानी मिशन की देहरादून शाखा द्वारा किया जा रहा है। सत्संग के इस कार्यक्रम में सिर्फ देहरादून से ही नहीं बल्कि भारत के विभिन्न राज्यों के हजारों लोगों के अलावा विदेशों से आए भाई-बहन भी भाग ले रहे हैं। सावन कृपाल रूहानी मिशन के मीडिया प्रभारी सौरव नरूला ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के सत्संग का कार्यक्रम 27 और 28 सितंबर, 2023 को देहरादून के सुभाष नगर में स्थित मानव केन्द्र में शाम 7 बजे आयोजित किया जाएगा। 28 सितंबर की शाम 3 बजे संत राजिन्दर सिंह जी महाराज उपस्थित जनसमूह से



व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करेंगे और 28 सितंबर को ही सत्संग के उपरांत इसी स्थान पर रात्रि 9 बजे प्रभु-प्राप्ति के जिज्ञासु भाई-बहनों के लिए नामदान (आध्यात्मिक दीक्षा) का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें संत राजिन्दर सिंह जी महाराज उन्हें प्रभु की 'ज्योति' व 'श्रुति' का निजानुभव प्रदान करेंगे। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के देहरादून में दो दिन तक चलने वाले इस सत्संग व नामदान के कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज आज विश्वभर में अनेक यात्राएं कर लाखों लोगों को ध्यान-अभ्यास की विधि सिखा रहे हैं, जिससे कि हम अपने मनुष्य जीवन के ध्येय अपने आपको जानना व पिता-परमेश्वर में लीन होना, को इसी जीवन में पूरा कर सकते हैं। वर्तमान में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज संपूर्ण विश्व में ध्यान-अभ्यास द्वारा प्रेम, एकता व शांति का संदेश प्रसारित कर रहे हैं, जिसके फलस्वरूप उन्हें विभिन्न देशों द्वारा अनेक शांति पुरस्कारों व सम्मानों के साथ-साथ पाँच डॉक्टरेट की उपाधियों से भी सम्मानित किया जा चुका है। सावन कृपाल रूहानी मिशन के संपूर्ण विश्व में 3200 से अधिक केन्द्र स्थापित हैं तथा मिशन का साहित्य विश्व की 55 से अधिक भाषाओं में प्रकाशित हो चुका है। इसका मुख्यालय विजय नगर, दिल्ली में है तथा अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय नेपरविले, अमेरिका में स्थित है।

## भाजपा सांसद रमेश की सदस्यता हो समाप्त: खान

किच्छा(उद संवाददाता)।भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी द्वारा जिस तरह से संसद में अमरोहा से सांसद दानिश अली के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया गया उससे



पूरा देश शर्मिंदा और स्तब्ध है। उक्त विचार बयान में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एन यू खान ने कहे। श्री खान ने कहा कि 2024 के चुनाव को देखते हुए भाजपा इस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रही है। विधूडी ने न सिर्फ दानिश अली को टारगेट किया पूरे एक समाज को गाली देने का काम किया है। राहुल गांधी द्वारा मोदी नाम वाले ही देश से पैसा चुराकर क्यों भाग रहे हैं वाले बयान पर संसद की सदस्यता छीन ली गई और विधूड़ी के पूरे समाज को गाली देने और आतंकवादी तक कहने के बावजूद कोई सख्त कार्रवाई न किया जाना सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास के नारे पर सवालिया निशान खड़े करता है। यदि इस तरह का बयान दानिश अली द्वारा दिया गया होता तो उनकी सदस्यता छीन ली गई होती। श्री खान ने कहा कि भाजपा सांसद के बयान के लिए प्रधानमंत्री को देश से माफी मांगनी चाहिए और सांसद को अयोग्य करार दिलवा दिया जाना चाहिए।

## स्वास्थ्य शिविर में जांची गई 180 मरीजों की सेहत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की प्रतिष्ठित कॉलोनी विम स्क्वायर कालोनी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दवाएं भी वितरित की गईं। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन कॉलोनी के सम्मानित वरिष्ठ जनों द्वारा किया गया। जनकल्याण है। स्वास्थ्य शिविर का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने लिया है। डॉक्टरों के मुताबिक अधिकांश मरीज वायरल विशेषज्ञ डॉ. अंजू चौहान और दांत रोग विशेषज्ञ डॉ. बीना चौहान समेत होम्योपैथिक फिजिशियन डॉ मानसी







तिवारी ने मरीजों की जांच करते हुए उन्हें उचित सलाह भी दी। शिविर के आयोजक गणपति सेवा समिति के सम्मानित सदस्य डॉ कपिल शर्मा, अविकेत बाघ, राजीव चौहान, महेश अग्रवाल, रोहित

किया गया। शहर के प्रतिष्ठित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नूतन जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजू चौहान ने 180 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। निशुल्क शिविर के समापन सत्र में कॉलोनीवासियों ने कहा यह पहल शानदार है। प्रतिष्ठित चिकित्सक मरीजों को देख रहे हैं और दवाइयां भी दी जा रही हैं। वास्तव में यही फीवर, टॉयफायड, शुगर, उच्च रक्तचाप, दमा, आंखों की बीमारियों से पीड़ित मिले हैं। कई ऐसे मरीज भी मिले, जिन्हें आंखों के ऑपरेशन की सलाह दी गई । स्त्री रोग शर्मा, कमलेश शर्मा, पंजाब सिंह, वीरेंद्र सुखीजा, अनिल सुखीजा, शैलेंद्र गुजराती ,राजू मिगलानी, धर्मेंद्र शर्मा, बालेश शर्मा, सुनील सचान,अजय गाबा आदि लोग थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# अनाज मंडी रामलीला के लिए पूर्वाभ्यास प्रारम्भ

गदरपुर( उद संवाददाता)। रामलीला अनाज मंडी का भव्य आयोजन विगत पांच दशकों से अधिक समय से किया जा रहा है। इस वर्ष भी रामलीला के भव्य आयोजन के लिए रामलीला के नाट्य कला परिषद के युवकों द्वारा मंचन से पूर्व हर्षोउल्लास के साथ राम बनवास,भरत मिलाप,रावण अंगद संवाद जैसे महत्वपूर्ण दृश्यों का पूर्वाभ्यास किया गया जहां अनुभवी कलाकारों द्वारा युवकों की हौसला अफजाई कर



युवकों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर श्री रामलीला अनाज मंडी गदरपुर के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर , कोषाध्यक्ष कृष्ण अनेजा ,श्री रामलीला नाट्य कला परिषद के निर्देशक अशोक पोपली, अशोक सुधा, राजू भुड्डी,जगदीश भुड्डी, सुभाष खुराना, प्रवीण गिल्लहोत्रा, सिद्धार्थ भुसरी , साहिल सुधा, गुलशन शर्मा, रोहित पोपली, कशिश खुराना एवं अन्य नाट्य कला परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

# नो एंट्री की समस्या को लेकर एसएसपी से की मुलाकात

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। रूद्रपुर ट्रांसपोर्ट यूनियन की समस्याओं को लेकर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने शुक्रवार को यूनियन के लोगों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दो मंजूनाथ टिसी से उनके कार्यालय में मुलाकात की और विस्तारपूर्वक समस्याओं को रखा। इस दौरान विकास शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर में इंदिरा चौक से लेकर सिडकुल तक दिन में सुबह 7से लेकर रात 11 बजे तक माल वाहन की नो एंट्री लगी हुई है । जिसके चलते दिन में सिडकुल आने-जाने के लिए माल वाहन का कोई रास्ता नहीं है जिसमें दिन में माल वाहन सिडकुल नहीं जा आ सकता है जिससे बहुत परेशानी हो रही है। सिडकुल के उद्योगों को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है साथ ही ट्रांसपोर्टर भी इस समस्या से खासे परेशान है। विकास शर्मा ने कहा कि ट्रांसपोर्टरों की रोजी रोटी प्रभावित हो रही



है। उन्होंने सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक माल वाहन को इंदिरा चौक रुद्रपुर से सिडकुल आने जाने की अनुमति देने की मांग की। साथ ही माल वाहन के अंतर्गत 6 पहिया गाड़ी आती है जो कि लोकल का माल रोजाना सिडकुल से मार्केट और मार्केट से सिडकुल लेकर जाती है उसे भी छूट दी जाये। प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा ने ट्रांसपोर्टरों को शीध्र राहत दिलाने की मांग की। जिस पर एसएसपी ने शीघ्र ही व्यवस्था बदलने और ट्रांसपोर्टरों को राहत दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान ट्रांसपोर्ट यूनियन के बलवान सिंह, सुरजीत सिंह, हरिराम शर्मा, कर्मवीर शर्मा, राजकुमार, मनोज मालिक,अनिल, मनोज शर्मा, नेकीराम, महेश, योगेश, अशोक कुमार, सुनील जयप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

बिकाऊ है
करतार पुर रोड पर बेहत फार्म स्थित 22 एकड़ कृषि भूमि।
घर,गोदाम,पार्किंग शैड, ट्यूबवैल आदि मौजूद
सम्पर्क करें:
09815123221,09779777117

# हादसे के आरोपी ट्राला चालक पर केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।बीते दिनों बगवाड़ा मंडी के पास ट्राला की टक्कर से बाईक सवार सिडकुल कर्मी की हुई मौत के मामले में मृतक के भाई ने आरोपी ट्राला के अज्ञात चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में वीरेन्द्र पाल पुत्र मिही लाल निवासी नदेली थाना बहेड़ी, बरेली ने कहा है कि उसका भाई राजेश पाल पुत्र मिही लाल निवासी नदेली थाना बहेड़ी 21 सितम्बर को नदेली से रोजाना की भांति प्राइवेट कंपनी वोल्टास सिडकुल में ड्यूटी पर अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 25 डीएम 5610 से जा रहा था। रास्ते में बगवाड़ा मंडी के समीप उसके पीछे किच्छा की ओर से रुद्रपुर की और आ रहे ट्राला संख्या यूपीबी 1 डीटी 0963 के अज्ञात चालक ने उसके भाई की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे भाई ट्राला के नीचे आ गया। भाई के सिर एवं शरीर में गंभीर चोटें आ गई थी। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस की मदद से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में भाई की मोटरसाइकिल भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महाविद्यालय में मनाई राष्ट्रकवि रामधारी दिनकर की जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 116वी जयंती प्रो. सर्वजीत की अध्यक्षता में उत्साह के साथ सम्मान पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रकवि दिनकर के पुरस्कार और सम्मान कविता संग्रह खंडकाव्य बाल कविताएं अनुवाद आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की





प्रध्यापिका डॉक्टर निर्मला जोशी द्वारा किया गया। प्रो. सर्वजीत द्वारा कार्यक्रम का उद्बोधन कर राष्ट्रकवि दिनकर के जीवन साहित्य पर प्रकाश डाला। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शंभू नाथ पांडे, प्रो. मनोज कुमार पांडे, डा. पूनम सिंह द्वारा व्याख्यान दिया गया। हिंदी विभाग की प्रध्यापिका डॉक्टर निर्मला जोशी द्वारा राष्ट्रकवि रामधरी सिंह दिनकर के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। विभाग की प्रध्यापिका डॉक्टर रूमा साह द्वारा दिनकर जी की कविता का वाचन किया गया। इस दिवस पर हिंदी के समस्त विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर प्रतिभागिता की।अंत में धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष प्रो. पांडे द्वारा करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

# संयुक्त टीम ने तीन अवैध डेंटल क्लीनिक किये सील

## जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर की गयी कार्यवाही

गदरपुर( उद संवाददाता)। नगर में फर्जी क्लीनिक खोले जाने का सिलसिला जारी है। लेकिन इनकी गदरपुर ब्लॉक के अंतर्गत संचालित चार डेंटल क्लीनिकों का निरीक्षण किया गया। जिसमें तीन डेंटल गूलरभोज रोड गदरपुर का नैदानिक स्थापन में पंजीकरण न होने के कारण सील किया गया। दूसरा समर डेंटल गदरपुर के निरीक्षण में क्लीनिक बंद पाया गया.। निरीक्षण टीम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव





शिकायत होने पर ही प्रशासन कार्यवाही के लिए हरकत में आ जाता है। इसी के चलते जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिए गये आदेश के तहत शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व की टीम द्वारा क्लीनिकों के कागजात न होने पर शील किये गये तथा एक बंद पाया गया। स्वास्थ्य टीम एवं राजस्व टीम द्वारा पुलिस टीम के साथ गदरपुर ब्लॉक के निम्न डेंटल क्लिनिकों का निरीक्षण किया गया। जिसमें रुद्र डेंटल क्लिनिक क्लिनिक गदरपुर का भी पंजीकरण न होने के कारण सील किया गया। तीसरा ग्लोबल डेंटल क्लिनिक सकैनिया रोड गदरपुर का पंजीकरण न होने के कारण सील किया गया। चौथा आजाद डेंटल क्लिनिक महतोष मोड सरना, दंत चिकित्सक डॉक्टर शालिनी कपूर, महिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंजु गिरी, कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद रिजवान, राजस्व निरीक्षण जीएस राणा, व टीम के अन्य सदस्य पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मेले में 256 मरीजों की जांच

किच्छा( उद संवाददाता)।आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 356 मरीजों की जांच की गई। जिसमें आंख, नाक गला, हड्डी रोग, बाल रोग, स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डाक्टर हरीश चंद्र त्रिपाठी, बी एस टोलिया, आई. के, कनक बांधना, रुद्र प्रताप सिंह, भूपाल शाह आदि मौजूद थे।



# जैवप्रौद्योगिकी शोध से अवगत हुए विज्ञान के विद्यार्थी

पंतनगर (उद संवाददाता) । उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी परिषद, हल्दी का आर.ए.एन., भूरारानी के विज्ञान वर्ग के 60 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने शुक्रवार को शैक्षणिक भ्रमण किया। सभी जैवप्रौद्योगिकी की नवीन शोध बारिकियों से अवगत हुए। परिषद् निदेशक डा. संजय कुमार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे कौशल विकास एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर आए थे। जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को जैवप्रौद्योगिकी के नए प्रयोगों व तकनीकों की विधिवत जानकारी प्रयोगशालाओं में दी गयी। वैज्ञानिक डा. मणिन्द्र मोहन ने पेयजल व मृदा गुणवत्ता, उसके जांच विधि सिखाने के साथ जल संरक्षण के लिए जागरूक






किया। संक्रमित पेयजल से होने वाले बीमारियों से बचाव की जानकारी दी तथा भविष्य में जल संकट से बचने के लिए जल गुणवत्ता एवं उसके संरक्षण को जरूरी बताया। वैज्ञानिक डा. सुमित पुरोहित नें पादप उत्तक संवर्धन से किवी एवं पीकननट के पादप तैयार करने की विधि विद्यार्थियों को बतायी। डॉ. सुमित ने बताया कि संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण में पादप ऊत्तक संवर्धन विधि कारगर है। वैज्ञानिक डा. कंचन कार्की नें आण्विक जीव विज्ञान की तकनिकों के साथ बायोसेन्सर विकास एवं पीसीआर मशीन की क्रिया विधि की विधिवत जानकारी दी। यहां विद्यार्थियों नें मृदारहित खेती, हाइड्रोपोनीक एवं पाली हाउस की उपयोगिता को जाना। इस दौरान शिक्षिका नविता जायसवाल, दीप्ति जोशी सहित परिषद् के ललित मिश्रा, मेधा सिंह, भूपाल सिंह, बबिता रौतेला, मनोज शाह, वैशाली, चांदनी, सौरभ, प्रदीप आदि थे।

# एक करोड़ से अधिक की स्मैक सहित तीन दबोचे

## उत्तराखण्ड में अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी,गिरफ्तार तस्करों में पुलिसकर्मी भी शामिल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नशा तस्करों के विरुद्ध सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल कर एक करोड़ से अधिक कीमत की स्मैक के साथ उत्तर प्रदेश निवासी तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। टीम को डीजीपी ने 25 हजार व एस एस पी ने ढाई हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालकुऑ डीआर वर्मा के नेतृत्व में उनि गौरव जोशी द्वारा साथी पुलिस टीम के साथ सुभाष नगर बैरियर लालकुआ चैंकिग की जा रही थी। इसी दौरान मोटर साइकिल संख्या यूके 19 8276 पर युवक आते दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो तीनों बाईक से वापस भागने का प्रयास करने लगे। जिस पर संदेह होने से पुलिस टीम ने पीछा कर युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता मोरपाल पुत्र लीलाधर निवासी दुनका आनन्दपुर जिला बरेली, अर्जुन पाण्डे पुत्र मनोज कुमार पाण्डे निवासी आजादनगर बरेली तथा रविन्द्र सिंह पुत्र रामकुमार निवासी सिलाना, बागपत बताया। तलाशी लेने पर तीनों के पास से कुल 1075.1 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने तीनों नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही तस्करी में संलिप्त वाहन को सीज किया गया। पूछताछ में रविन्द्र सिंह ने बताया कि वह बरेली जिले में पुलिस विभाग में कॉस्टेबल के पद पर नियुक्त है तथा उच्चाधिकारियो से अन्य जानकारी जुटाई जा रही है। पुलस टीम में श्रीमती संगीता क्षेत्राधिकारी लालकुआ, उ0नि0 गौरव जोशी, कानि0 दयाल नाथ,चन्द्रशेखर,अशोक कम्बोज ,भानु प्रताप, दिनेश नगरकोटी शामिल थे।










# नवीन मंडी में माता की चौकी आज शाम

गदरपुर(उद संवाददाता)। पिछले 44 वर्षों से लगातार नगर की विशाल अनाज मंडी में माँ भगवती की चौकी का आयोजन होता आया है। इस वर्ष नवीन मंडी में आढ़ती एसोसिएशन के तत्वधान में माँ भगवती की चौकी का आयोजन आज शाम को किया जा रहा है।कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी देते हुए गल्ला मंडी आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश घीक ने बताया कि नई अनाज मंडी गदरपुर के शुभ मुहूर्त के उपलक्ष में माँ भगवती की विशाल चौकी 23 सितंबर को 5बजे धूमधाम से आयोजित की जा रही है। जिसमें जय भवानी जागरण मंडल के द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों का गुणगान किया जाएगा एवं 24 सितंबर को दोपहर 12 बजे से अटूट लंगर किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की धर्म प्रेमी जनता सहित राजनैतिक,सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़ी समस्त जनता से अधिक से अधिक संख्या में मां भगवती की चौकी एवं लंगर हेतु पहुचने का आवाहन किया है।



# मेयर रौतेला ने तीन मार्गों का किया शिलान्यास

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महापौर डा.जोगेंद्र सिंह रौतेला ने अलग अलग स्थानों पर लाखों रुपए की लागत से बनने वाले तीन मार्गों का धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शिलान्यास किया। नगर निगम के वार्ड 46 के मालती विहार में मनोज पाठक के घर से गिरीश चन्द्र तिवारी के घर तक सीसी (सीमेंटीकरण) द्वारा रोड का निर्माण कार्य (स्वीकृत लागत रू. 24.83 लाख), दक्ष एनक्लेव में नीरज पाण्डे के घर से नवीन जोशी के घर तक सीसी (सीमेंटीकरण) द्वारा रोड का निर्माण कार्य (स्वीकृत लागत रू. 17.50 लाख) का शिलान्यास एवं वार्ड 47 के कृष्णा विहार में हेम जोशी के घर से गिरीश चन्द्र जोशी के घर तक सीसी (सीमेंटीकरण) द्वारा रोड का निर्माण कार्य (स्वीकृत लागत रू. 43.60 लाख) का शिलान्यास महापौर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला ने कालाढूंगी विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर मनोज पाठक, बिठोरिया मण्डल अध्यक्ष सुरेश गौड़, अवर अभियंता महेंद्र सिंह बिष्ट, सहायक अभियंता नवल नौटियाल आदि समस्त स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।



# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।वैश्य महासभा के गणेश महोत्सव कार्यक्रम के चौथे दिन की शुरुआत रामलीला ग्राउंड में गणेश जी की आरती से हुई तथा प्रसाद का वितरण किया गया। शाम के कार्यक्रम की शुरुआत प्रवचनों से हुई। उसके बाद शिशु भारती, मां सरस्वती नृत्य कला केंद्र आदि विभिन्न संस्थाओं के 100 से अधिक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। उसके पश्चात प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में समाज के जिन छात्रों ने बोर्ड की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात महासभा ने स्वर्गीय विजय प्रकाश अग्रवाल और स्वर्गीय गौरी शंकर महेश्वरी को वैश्य समाज में उनके अतुलनीय योगदान के लिए याद किया और उनके परिवार जनों को सम्मानित किया। आज के अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, उपाध्यक्ष आनंद धर्मवाल, ओजस पाल, सुधांशु खंडेलवाल, श्रीकांत खंडेलवाल, राजेंद्र जयसवाल, विवेक कश्यप, कौशल चौहान, साकेत अग्रवाल को अध्यक्ष आलोक शारदा, महामंत्री भवानी शंकर नीरज, विनीत अग्रवाल ने पटका पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर निशुल अग्रवाल, अतुल जायसवाल नेहा देवबंशी, पूनम अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित थे।












# गणेश महोत्सव में हुई श्री सत्यनारायण पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल गणेश उत्सव समिति द्वारा पंतनगर सिडकुल चौक में आयोजित श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम के चौथे दिन पं. भैरव दत्त शर्मा द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। कार्यक्रम के यजमान आशुतोष शर्मा ने सपत्नीक पूजा में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान बजाज आटो लिमिटेड के प्राण योगशाला के कर्मचारियों ने योगा के विभिन्न आसन प्रस्तुत किये। साथ ही केरला नरियता कला का वेसेज प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जेआरडी अकेडमी, प्रीणना रॉकर्स, डीपीएस, सन राईस डांस ऐकेडमी, वुडलेंड ऐकेडमी व होली चाईल्ड स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। राश्स श्रीवास्टना एवं अमित रंजन श्रीवास्तव गीयगा ने अपने मधुर आवाज से समां बांध दिया। एंकर एकता शर्मा दिल्ली निवासी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान अनिरूद्ध जोशी, मिलेन्द्र हुंडेकर, मर्नीष शर्मा, श्रीकर सिन्हा, संजय सिंघल, डा. संजय शर्मा, राधा श्रीवास्तवा, अमित रंजन श्रीवास्तवा, रूपा शर्मा, अंशुमान कुशवाहा, नरेश जोशी, दीक्षा जोशी, तेजू बघेल, अरूण टोंक, सुमेधा टोंक, मनोज सक्सेना, राजेश कुमार, चिराग मेहता, सुधीर मिश्रा, संदीप उपाध्याय, उत्तम जंतवाल, अनूप सिंह, संदीप भगत, राजेश मिश्रा आदि मौजूद थे।







## 20 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

गदरपुर( उद संवाददाता)।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए थाना गदरपुर पुलिस टीम ने सकैनिया मोड स्वास्थ केन्द्र के पास संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुयी। पकड़े गये युवक ने अपना नाम आसिम पुत्र नवाब निवासी ग्राम मझरामरदान थाना गदरपुर बताया। बरामद स्मैक के संबन्ध मे पुन: सख्ती से पूछा तो आरोपी ने बताया कि इस स्मैक को फतेहगंज रहने वाला आसिफ मुझे गदरपुर में देने आता है। जिन्हें वह 300-300 रुपये की छोटी छोटी पुडिया बनाकर नशेड़ी लडको को बेचता है। आरोपी के विरूद्ध सम्बंधति धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुए अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिह रंसवाल, है. कानि. कृष्ण कुमार कानि. जीवन चन्द्र फुलारा शामिल रहे।



## रूद्रपुर डेवलपर एवं रियलेटर कार्यकारिणी का गठन

### तजेंद्र घई अध्यक्ष,अनिल गुप्ता महामंत्री व राजेन्द्र चावला कोषाध्यक्ष निर्वाचित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।रूद्रपुर डेवलपर एवं रियलेटर कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। यह जानकारी देते हुए संगठन के नव निर्वाचित सचिव एवं मीडिया प्रभारी सचिन मुंजाल ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी में श्यामलाल अग्रवाल, ओमप्रकाश सलूजा, राजू मुंजाल, सतीश छाबड़ा, मनोज अग्रवाल, जुगल कक्कड़, मोहन खेड़ा, राकेश छाबड़ा, करुण गुप्ता, राजेश प्रधान, सुभाष गांधी व रमेश कालड़ा संरक्षक, तजेंद्र घई विक्की अध्यक्ष तथा अनिल गुप्ता को महामंत्री पद की जिम्मेवारी दी गई। इसके अतिरिक्त दीपक चराया वशिष्ट उपाध्यक्ष, कमल जैन, आशु गम्भीर, शमशेर सिंह, हरीश मेहदीरता, ओम सचदेवा, परमजीत, अनिल कालड़ा, प्रदीप अरोरा, लाल सिंह,संजू छाबड़ा, संजय साहनी (अन्ना), योगेंद्र सिंह यादव (योगी), दीपक बाम्बा व हरवंश चावला उपाध्यक्ष, कमल राणा, पुनीत गांधी सह सचिव, मनमोहन सैनी व बब्लू सिंह राणा संगठन मंत्री, राजेंद्र चावला कोषाध्यक्ष, अमित अग्रवाल उप कोषाध्यक्ष, देवेन्द्र कौशिक प्रचार मंत्री, महेन्द्र पोपली व मनी बाठला लीगल एडवाइजर तथा राजेश खुराना, अमित कुमार, पिंदर वर्क व सतीश मिड्ढा सर्वसम्मति से सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए। नव निर्वाचित अध्यक्ष तजेंद्र घई व महामंत्री अनिल गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी दी गई है उसे पूरी तरह से निभाते हुए साथी व्यापारियों के विश्वास पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा संगठन को मजबूती प्रदान करे के साथ ही किसी भी समस्या का एकजुट होकर समाधान किया जायेगा। कार्यकारिणी गठन के पश्चात सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान राजेंद्र ग्रोवर, पुनीत गांधी, नरेश प्रसाद,पारस गिल्होत्रा, गुलशन बठला, बिट्टू छावड़ा, विनोद कुमार, विजय परुथी, सुरेंद्र गाबा, हरीश मित्तल, सतीश देवल व कृष्णकांत राय आदि थे।



## निशुल्क दंत परीक्षण चिकित्सा शिविर आयोजित

गदरपुर( उद संवाददाता)।वार्ड नंबर एक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा परिसर में स्थित श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में गुरु नानक देव जी के ज्योति ज्योत समाए दिवस को समर्पित कक्षा एक से आठ तक के बच्चों के लिए निशुल्क दंत चिकित्सा/परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा आयोजित शिविर का शुभारंभ गुरु नानक स्कूल की प्रध ानाचार्य चंपा पांडे द्वारा करवाया गया। मुख्य मार्ग स्थित अरोड़ा डेंटल क्लिनिक के डॉ.विनीत अरोड़ा द्वारा अपनी टीम के मनोज मंडल एवं मुस्कान के साथ सभी बच्चों का दांत निरीक्षण करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बताया कि दांतों की सफाई प्रात: काल एवं रात को सोने से पूर्व अति आवश्यक है उन्होंने बताया कि दांतों की सफाई न होने से दांतों की सड़न एवं पेट के रोग शुरू हो जाते हैं। जिससे बचने के लिए दातों की सफाई अति आवश्यक है। इससे पूर्व सिख मिशनरी कॉलेज की गदरपुर इकाई के इंचार्ज देवेंद्र सिंघ द्वारा गुरु नानक देव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा ,गुरु जी द्वारा अपने अंतिम समय में करतारपुर साहिब गुरुद्वारा (वर्तमान पाकिस्तान) में रहकर खेती-बाड़ी करते हुए गुजारा उन्होंने आज ही के दिन अपने शरीर का चोला त्याग कर सेवा कार्य को समर्पित अपने प्रिय शिष्य भाई लैहना जी को गुरु अंगद देव जी के नाम से गुरुगद्दी पर बैठाया और परिक्रमा करके माथा टेका। गुरु नानक देव जी और गुरु अंगद देव जी द्वारा गुरुमुखी/पंजाबी अक्षरों का लिपिबद्ध करके प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने सभी बच्चों से पंजाबी भाषा का ज्ञान प्राप्त करने की अपील की। शिविर के समापन पर प्रध ानाचार्य चंपा पांडे और शिक्षिका सर्वजीत कौर द्वारा सभी बच्चों को दांतों की नियमित सफाई रखने का संकल्प करवाया गया। इस मौके पर शिक्षिका सरिता,रितु, मधुमिता, पूजा,फरहीन ,शाहीन,मधु, बलजीत कौर,सर्वजीत कौ ज्योति ,परिचारिका रेखा और विमला रानी सहित निजा, डोली, निधि,आंचल, श्रद्धा,दलजीत, अर्जुन,कुणाल ,निशांत ,अजमी, रीमा,सोनाक्षी, आयशा, आफरीन, रहमान,मो. रहमान,आदित्य ,मयंक सहित तमाम बच्चे मौजूद रहे।





## महिलाओं को दी कैंसर रोग से बचाव की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सुचेतना समाज सेवा संस्था द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर गांव जयनगर नंबर दो में ग्रामीण महिलाओं को कैंसर रोग के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बिलासपुर ईसानगर हॉस्पिटल से डॉक्टर रेशमा ग्रामीण महिलाओं को चेस्ट कैंसर, बच्चेदानी के मुंह का कैंसर, इंफेक्शन कैंसर आदि के बारे में बताया। उन्होंने महिलाओं को बताया गया कि लिकोरिया एक बीमारी है इसको छुपाना नहीं है यह एक साधारण बीमारी है इसका इलाज भी है। इससे इंफेक्शन फैलता है तो हमें इस बीमारी पर भी ध्यान देना चाहिए। डॉक्टर ने सभी महिलाओं को गुप्तांगों की साफ-सफाई पर भी बताया। कैंसर के लक्षण भी बताएं कि कैंसर कैसे फैलता है स्तन कैंसर के लक्षण बताएं और कहा कि कैंसर का अब इलाज है इससे घबराने की जरूरत नहीं है। समय से इलाज करवाएं।इस मौके पर सिस्टर शारदा, सपना, पूजा, दीपाली,सनम,कु. सपना और ग्राम की किशोरियां और महिलाएं उपस्थित हुई।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सर्वसम्मत संसद

क्या भारतीय राजनीति बदल रही है? क्या महिला आरक्षण और सशक्तिकरण सरीखे अन्य मुद्दों पर भी राजनीतिक सर्वसम्मति हो सकती है? महिला आरक्षण पर सर्वसम्मति और एकजुटता विचार के स्तर पर है अथवा वोट की मजबूरी है? महिला आरक्षण बिल के कानून बनने के बाद यह व्यवस्था अक्षरशः लागू होगी या आरक्षित वर्ग के साथ टालमटोल किया जाता रहेगा? यदि वाजपेयी सरकार के चार प्रयासों और यूपीए की मनमोहन सरकार के दौरान संसदीय अनुभवों को याद करें, तो उनकी तुलना में 'नारी शक्ति वंदन' बिल संसद के दोनों सदनों में लगभग सर्वसम्मति से पारित हुआ है। लोकसभा में 454 वोट बिल के पक्ष में और ओवैसी तथा उनकी पार्टी के एक और सांसद, यानी मात्र 2 वोट, बिल के विरोध में गए। राज्यसभा में उपस्थित सभी 215 सांसदों ने बिल का समर्थन किया। हालांकि उच्च सदन की कुल संख्या 245 सांसदों की होती है। यह राजनीतिक अभिव्यक्ति और परिपक्वता विषयगत है, लेकिन धुर विरोधियों ने भाजपा सरकार के बिल को सर्वसम्मत समर्थन दिया, यह महत्त्वपूर्ण राजनीति है। संसद के दोनों सदनों में कुछ ऊंचे स्वर भी सुनाई दिए, कुछ विरोध भी देखा गया, अपने तार्किक पक्ष भी रखे गए, लेकिन हंगामे, अभद्र टिप्पणियों, असंतोष, अराजकता, नौटंकी और मार्शल द्वारा सांसदों को सदन से बाहर करने तक की नौबत नहीं आई। कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, सपा, बसपा, जनता दल–यू आदि के सांसदों ने ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण की मांग की। जातीय जनगणना के सवाल भी किए गए, आरक्षण के लागू होने का समय भी पूछा गया, राजनीतिक विचार पर अपने सरोकार पेश किए गए, लेकिन मत–विभाजन की बारी आई, तो बिल के समर्थन में वोट दिए। महिला सशक्तिकरण और मातृशक्ति को विकास, सत्ता, नीति–निर्धारण की मुख्यधारा से जोडने की अनिवार्यता और बाध्यता के सामने समूचे विपक्ष को अपने हथियार डालने पड़े, क्योंकि अब महिलाओं के जनादेश ही निर्णायक साबित हो रहे हैं। 2014 के बाद ज्यादातर चुनावों में महिलाओं ने, पुरुष की तुलना में, अधिक वोट दिए हैं। यह रुझान भी बढ़ता जा रहा है कि अब महिलाएं अपने विवेक और अपनी सोच के मुताबिक ही मतदान करती हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में 67.18 फीसदी महिलाओं ने वोट दिए, जबकि पुरुष वोट 65 फीसदी से कुछ ज्यादा थे। भाजपा के पक्ष में 36 फीसदी से ज्यादा महिलाओं ने वोट दिए, जबकि विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के समर्थन में करीब 20 फीसदी महिलाएं थीं। 2024 में महिला वोट का कुल आंकड़ा बढ़ सकता है, लिहाजा महिला आरक्षण के पीछे यह राजनीतिक मजबूरी भी काम कर रही है। मोदी सरकार की अधिकतर लाभार्थी परियोजनाएं महिला–केंद्रित हैं। अब संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के लगभग सर्वसम्मति से पारित होने के बाद भाजपा देश भर में इसका प्रचार करेगी। बहरहाल आने वाला कालखंड महिलाओं का होगा। अब संसद से पारित होने के बाद बिल विधानसभाओं में भेजा जाएगा। 50 फीसदी विधानसभाओं की मान्यता के बाद इसे राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह कानून की शक्ल ले लेगा। फिर जनगणना और परिसीमन दोनों ही अनिवार्य शर्तें हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में आश्वस्त किया है कि 2024 के आम चुनाव के बाद जनगणना शुरू की जाएगी। तय है कि यह प्रक्रिया 2026 तक ही सम्पन्न होगी। फिलहाल 1971 की जनगणना के आधार पर लोकसभा की सीटें निधारित की गई थीं। अब देश की आबादी करीब 140 करोड़ है, लिहाजा उसी के आधार पर सदनों की संख्या तय की जानी चाहिए। परिसीमन आयोग भी नया बनेगा।

# आखिर क्यों गणेश भगवान को तुलसी नहीं चढ़ाते है?

रूद्रपुर। तुलसी की पत्तियों को हिन्दू धर्म में अत्यंत ही पवित्र एवं शुद्ध माना गया है, साथ ही प्रत्येक पूजा में भी तुलसी को श्रेष्ठ स्थान प्राप्त है. विशेष





रूप से कृष्ण पूजा तो तुलसी के बिना संपूर्ण ही नहीं होती। परंतु गणेश पूजन में तुलसी पूर्णतया निषेध मानी गयी है। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर क्यों गणेश भगवान के साथ तुलसी जी को स्थान प्राप्त नहीं है? क्यों दोनों एक दूसरे के लिए अनुकूल नहीं माने जाते? इस प्रकार के अनेक प्रश्न आप सभी के मन में मौजूद होंगे। इस विषय की जानकारी देते हुए ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री जी ने इस रहस्य को पौराणिक ग्रंथों में मौजूद कथाओं के माध्यम से समझाने की कोशिश की है। आईये जानते हैं वह क्या कहते हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री जी के अनुसार पुराण एवं उपनिषदों में इससे जुड़ी कई कथाएं हैं जो इस सत्य की गंभीरता एवं गहराई को दर्शाती हैं। इनमें से एक कथा ब्रह्मावैवर्त पुराण में आती है, जो काफी प्रचलित भी है। इस कथा के अनुसार एक समय श्री गणेश जी पवित्र नदी किनारे तपस्या में लीन थे, उसी समय के दौरान देवी तुलसी भी कई स्थलों की तीर्थ यात्रा एवं पूजा पाठ हेतु भ्रमण के लिए निकली थी। अनेकों धर्म–नगरियों की यात्रा करने पश्चात वह गंगा स्थल पर आई। उस स्थान पर देवी तुलसी का ध्यान अत्यंत ही तेजस्वी महापुरुष पर गया। वह व्यक्ति और कोई नहीं बल्कि ओज से युक्त एवं भक्ति ध्यान में लीन गणेश जी ही थे। तपस्या में लीन गणेश जी का स्वरुप इतना मनमोहक एवं आकर्षक था कि उनकी आभा से तुलसी जी अत्यंत ही मोहित हो गईं और वह मोहवश गणेश जी की साधना में अवरोध उत्पन्न करने का प्रयास करने लगीं। तुलसी ने उनके समक्ष जाकर विवाह हेतु निवेदन किया। तुलसी के इस कृत्य से गणेश जी की साधना बीच में ही टूट गई और वह अत्यंत दुखी एवं क्रोधित हो उठे। फिर भी धैर्य धारण करते हुए श्री गणेश जी ने तुलसी के प्रस्ताव को अस्वीकार कर, स्वयं को ब्रह्मचर्य का पालन करने वाला बताया। ऐसे में तुलसी को इस बात से अत्यंत दुख पहुंचता है। इस अस्विकार होने के दंश को वह सहन नहीं कर पाती हैं और आवेश के वशीभूत होकर गणेश जी को दो विवाह होने का श्राप दे देती हैं। तुलसी के इन वचनों को सुनकर गणेश जी अपने ब्रह्मचर्य के खंडित होने की स्थिति को जान जाते हैं तथा वह भी उन्हें क्रोधवश एक असुर की जीवन संगिनी होने का श्राप दे देते हैं। तुलसी जी अपने क्रोध में बोले हुए वचनों एवं असुर से विवाह की बात से अत्यंत दुखी हो जाती हैं और गणेश जी से क्षमा मांगती हैं। तुलसी की विनय प्रार्थना सुनकर गणेश जी, अपने श्राप के प्रभाव को कम करने का आश्वासन देते हुए कहते हैं कि तुम्हारा विवाह एक महान राक्षस शंखचूर्ण के साथ संपन्न होगा, जिसकी ख्याति तीनों लोकों में रहेगी। किंतु तुम परिस्थितियों के कारण तुलसी नामक वृक्ष का रूप धारण करोगी एवं सदा पूजनीय होगी। कलयुग में तुम पापों का शमन करने वाली होगी, लेकिन मेरी पूजा में तुम्हारा सदा निषेध ही होगा। मैं तुम्हें कभी स्वीकार नहीं कर पाऊँगा। इस कथन के अनुसार तभी से तुलसी के पत्तों को गणेश जी की पूजा में उपयोग नहीं किया जाता है।

## नहर की सफाई के लिए सौंपा ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)। लेफ्ट पाहा नहर की सफाई को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एन यू खान की अगुवाई में दर्जनों सिरौली वासियों ने नगर पालिका में जाकर सफाई कराए जाने की मांग की। सिरौली निवासियों का कहना था कि मौलाना



आजाद इंटर कॉलेज से दुपहरिया रोड तक नहर गंदगी से फटी पड़ी है जिससे भयंकर दुर्गंध आ रही है और इस समय डेंगू का खतरा चल रहा है इसके चलते बीमारियां फैलने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता इसलिए नहर की सफाई तत्काल कराई जाए जिस पर नगर पालिका ने तत्काल जेसीबी भेजना और सफाई करने का आश्वासन दिया।उल्लेखनीय है की एस के एम ए इंटर कॉलेज से लेकर सिरौली पुलिया तक नहर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है । गत रात्रि से हो रही बारिश के कारण नगर मै सड़ांध बड़ गई हैं।

## स्काउट गाइड शिविर में उपलब्ध कराई सब्जी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। भारत स्काउट एवं गाइड के तृतीय सोपान का पांच दिवसीय आवासीय शिविर पंडित गोवर्धन शर्मा इंटर कॉलेज ज्योली अल्मोड़ा में प्रारंभ हुआ।शिविर के उद्घाटन सत्र में अपने विचार रखते हुए तारा सिंह रावत पूर्व प्रधानाचार्य विवेकानंद स्कूल बागेश्वर ने भारत में स्काउट एवं गाइड की स्थापना एवं इसके महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था की प्रबन्ध समिति के उपप्रबंधक पूर्वप्रधानाचार्य हेमचंद्र जोशी ने प्रबंधन समिति की ओर से सभी आगंतुकों का स्वागत



किया एवं सभी स्काउट एवं गाइड को अनुशासन के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।इस स्काउट गाइड शिविर के लिए पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने अपनी ओर से छात्रों के भोजन की व्यवस्था के तहत एक ट्रक सब्जी भिजवाई तथा उन्होंने शिविर के संचालन में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।श्री कर्नाटक ने कहा कि विद्यार्थी ही किसी भी देश के आने वाला भविष्य की नींव होते हैं।उन्होने शिविर में प्रतिभाग कर रहे सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।शिविर में 10 विद्यालयों के 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।शिविर में दिगम्बर दत्त फुलोरिया,एस आर टम्टा,एम सी भट्ट,पूरन सिंह अल्मिया,गायत्री बिष्ट,आर एस खड़ायत के अतिरिक्त विक्रम सिंह बिष्ट,अशोक कुमार पंत,पूजा रानी आर्या,ज्योति पालनी,सोनू पाण्डे, किरन पाण्डे,सुशील बाराकोटी, गोविन्द सिंह टाकुली,श्रीमती सुनीता श्रीमती पाल,गिरीश चन्द लोहनी के अतिरिक्त बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## श्रीचंद्राचार्य महाराज की जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

हरिद्वार (उद संवाददाता)। उदासीनाचार्य जगद्गुरू भगवान श्रीचंद्राचार्य महाराज की 529वीं जयंती के उपलक्ष्य में श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन और श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन द्वारा संयुक्त रूप से बैण्डबाजों और भव्य झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई जिसमें स्वामी रामदेव सहित भारी संख्या में साधु संतों पहुंचे। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कनाडा और भारत विवाद को लेकर कहा कि जो लोग खालिस्तान का समर्थन कर रहे हैं वह सिख धर्म का प्रतिनिधित्व नहीं करते वहीं सनातन धर्म पर गठबंधन के कुछ नेताओं द्वारा दिए गए बयान पर रामदेव ने कहा जो सनातन का विरोध कर रहे हैं 2024 में उनका मोक्ष हो जाएगा। रामदेव ने कनाडा और भारत के बीच हुए विवाद को लेकर कहा कि गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोविंद सिंह तक सिखों की परंपरा राष्ट्रीय धर्म और आध्यात्मिक धर्म पर आधारित रही है




देश की एकता अखंडता और सनातन धर्म के लिए हमारे सिख धर्म गुरुओं ने अपना बलिदान दिया है हिंदू धर्म की रक्षा के लिए सिख गुरुओं ने अपना सर्वस्व बलिदान किया मगर कुछ लोग कनाडा, अमेरिका ,ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान का झंडा उठाकर भारत को बदनाम करते हैं परंतु सिख धर्म से जुड़े सभी लोग भारत के साथ हैं जो खालिस्तान का समर्थन करने वाले और झंडा उठाने वाले कुछ लोग हैं उन्हें सिख धर्म का प्रतिनिधित्व नहीं मानना चाहिए। वहीं संसद में पास हुए महिला बिल को लेकर स्वामी रामदेव का कहना है कि मातृशक्ति को गौरव देने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में महिला आरक्षण का बिल पास करवाया है। इसके लिए मातृशक्ति और देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को युगों तक याद रखेगा।

## आवारा पशुओं को पहुंचाया गौसदन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अधिशासी अधिकारी नगरपालिका भरत त्रिपाठी ने बताया कि नगरपालिका परिषद् द्वारा जिला पंचायत, पशुपालन एवं पुलिस विभाग के सहयोग से नगर क्षेत्र में विचरण कर रहे 9 आवारा/निराश्रित गोवंश को गो सेवा न्यास गुरूकुल कटारमल, ज्योली, अल्मोड़ा के गौ सदन पहुँचाया गया। उन्होंने बताया कि पालिका द्वारा जनहित में नगर से आवारा गोवंश को हटाने की



कार्यवाही लगातार गतिमान है। जिन पशु स्वामियों द्वारा अपने पशु नगर में आवारा छोड़ जा रहे है, उनके विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी। उन्होंने सभी गोवंश स्वामियों से अपील की है कि वे अपने गोवंश को नगर में कदापि न छोडे, पकड़े जाने पर उनके विरूद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही की जायेगी। इस अभियान में पालिका के सफाई निरीक्षक लक्ष्मण सिंह भण्डारी, वन पर्यवेक्षक हरीश चन्द्र, सिटी मिशन मैनेजर मनोज कर्नाटक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शबद कीर्तन सुन संगत हुई निहाल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गोल मार्केट रूद्रपुर में शुक्रवार शाम स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी परमजीत कौर पम्मी के परिवार द्वारा श्री गुरूनानक देव जी ज्योति ज्योत समाए पर्व बड़ी श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रागी जत्थे ने शब्द कीर्तन व कथा विचार सुनाकर सभा कर संगतो को निहाल कर दिया व समाप्ति पर लंगर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधान बीबी परमजीत कौर पम्मी, प्रथपाल कौर ,जसवीर कौर, वीरेन्द्र कौर,जसविन्दर कौर, रंजीत कौर ,अमरजीत कौर बठला,जसवीर कौर बठला, रमजीत कौर बठला आदि संगत उपस्थित थी। अन्त में प्रधान बीबी परमजीत कौर पम्मी ने आई हुई सारी संगत का आभार व्यक्त किया।

## अवैध खनन कारोबार से सरकार को करोड़ों की चपत

देहरादून(उद संवाददाता)। शहर में दिये तले अंधेरा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। देहरादून में रेत–बजरी और रोड़ी की दुकानें बिना लाइसेंस और बिना अनुमति के ही चल रही हैं। देहरादून के बाहरी इलाकों में कुछ गिने–चुने लोगों ने ही बिल्डिंग मटिरियल सप्लाई के लिए खनन विभाग से अनुमति ली है। बाकी सब अवैध चल रहे हैं। यह खुलासा किया है आरटीआई एक्टिविस्ट विकेश नेगी ने। एडवोकेट विकेश नेगी ने कहा कि आरटीआई से जानकारी मिली है कि देहरादून शहर में बिल्डिंग मटिरियल का कारोबार अवैध ढंग से चल रहा है और इससे सरकार को राजस्व का भारी घाटा हो रहा है। आरटीआई एक्टिविस्ट विकेश नेगी ने जिला खनन अधिकारी से देहरादून में 12 इलाकों में चल रही बिल्डिंग मटिरियल सप्लायर की जानकारी मांगी। जिला खनन कार्यालय से चौंकाने वाली जानकारी मिली है कि देहरादून शहर में चल रही अधिकांश दुकानों के पास कोई अनुमति पत्र नहीं है। इसके बावजूद वह बिल्डिंग मटिरियल स्टोर कर रख रहे हैं। शिमला बाईपास के कुछ सप्लायर ने अनुमति ली है लेकिन यहां भी अधिकतर सप्लायर बिना अनुमति के ही अवैध ढंग से कारोबार कर रहे हैं। जिला खनन अधिकारी ने अवैध भंडारण को लेकर जिलाधिकारी से कुछ कारोबारियों के बारे में शिकायत की लेकिन बताया जाता है कि अब तक एक भी अवैध कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। एडवोकेट विकेश नेगी के अनुसार उप खनिज नियमावली के तहत उपखनिजों का भंडारण धार्मिक स्थल, अस्पताल और शैक्षणिक स्थल से 300 मीटर की दूरी पर होना चाहिए। यह मानक पर्वतीय क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों के लिए कुछ अलग हैं। इसके बावजूद शहर में कई जगहों पर नियमों को ताक पर रख कर उपखनिज का भंडारण किया जा रहा है। एडवोकेट विकेश नेगी के मुताबिक उपखनिज का भंडारण के लिए जिला खनिज अधिकारी से अनुमति जरूरी है। यह अनुमति भी निश्चित अवधि के लिए दी जाती है। लेकिन देहरादून में मानकों का खुला उल्लंघन हो रहा है। उनके मुताबिक इससे राजस्व की भी चोरी हो रही है। इस कारण सरकार को करोड़ों की चपत लग रही है। उन्होंने खनन विभाग और जिलाधिकारी से अपील की है कि अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई की जाए ताकि कर जीएसटी और कर चोरी को रोका जा सके।

# पुलिस ने नुक्कड़ नाटक से नशा मुक्ति के लिए किया जागरूक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु के निर्देश पर अल्मोड़ा पुलिस द्वारा जनपद मुख्यालय के माँ नन्दा देवी मन्दिर परिसर में आयोजित माँ नन्दा देवी मेले में सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्जवलित कर किया। सीओ अल्मोड़ा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं व लोगों को संबोधित/जागरूक करते हुए नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक दूर रखने और जीवन में हमेशा नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने में अल्मोड़ा पुलिस का सहयोग' करने की अपील की गयी इसके उपरांत अल्मोड़ा पुलिस के कर्मचारियों पुलिस द्वारा आयोजित नुक्कड नाटक की मेला समिति व जनता द्वारा सराहना की गयी। नुक्कड़ नाटक में अभिनय करने वाले पुलिस कर्मी हेड कांस्टेबल रविन्द्र बचकोटी,कांस्टेबल राजेश आर्या, रीता





कार्यक्रम मंच के माध्यम से आमजन को मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 के बारे में जानकारी देकर नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक करने हेतु नुक्कड़ नाटक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम बुराई है, नशा करने वाला व्यक्ति हमेशा अपराध एवं गलत कार्यो की ओर अग्रसर होता है, नशा कोई भी हो हमेशा हमारे शरीर को नुकसान पहुचाने के साथ-साथ समाज में हमारे प्रतिष्ठा को भी समाप्त करने का कार्य करती है। सभी अभिभावकों को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देने व उन्हें नशे से ने नशे के विरुद्ध एक नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिखाया गया कि कैसे एक नशा करने वाले व्यक्ति के साथ-साथ उसका पूरा परिवार प्रभावित होता है मेला देखने आई जनता को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक कर 'नशा मुक्ति का संदेश दिया गया'। अल्मोड़ा बगड़वाल,कविता आदि थे। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार,वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतीश चन्द्र कापड़ी, मेला प्रभारी, थानाध्यक्ष महिला थाना सुश्री मीना आर्या, प्रभारी चौकी मोरनौला उनि संजय जोशी, प्रभारी एएनटीएफ उनि सौरभ कुमार भारती सहित अन्य पुलिस कर्मचारी गण रहे

# गणेश महोत्सव में पूर्व विधायक ठुकराल को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मेट्रोपोलिस सिटी द्वारा गणेश महोत्सव पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व संजय ठुकराल ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुँच कर दीप प्रज्वलित कर गणेश महोत्सव का शुभारंभ करते हुए श्री गणेश वंदना में भाग लिया एवं पूजा अर्चना की। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने रिद्धि सिद्धि के दाता श्री गणेश प्रतिमा के समक्ष शीश नवाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शान्ति की



कामना की पूर्व विधायक ठुकराल ने अपने सम्बोधन में कहा कि श्री गणेश जी की आराधना से सभी विघ्नों का नाश होता है उन्होंने कहा कि पूरे देश में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है । इस दौरान कमेटी द्वारा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस दौरान श्री गणेश महोत्सव पर सभी भक्तों ने गणेश जी की पूजा अर्चना की। इस दौरान हिमांशु मिड्डा, देवेंद्र शाही, डॉ वीरपाल ,सुनील शुक्ला, रमेश यादव, बिहारी लाल चोनवाल, विकास चड्डा ,महेंद्र पोपली ,अभिषेक अग्रवाल, योगेश पवार, रवि सिंह, दिलीप सिंह, बंटी कोली, गगन ग्रोवर आदि लोग उपस्थित थे

# कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को दी एफसीआई के कार्यों की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय खाद्य निगम संजय नगर स्थित विद्या सागर जूनियर हाई स्कूल के लगभग 35 छात्र छात्राओं के साथ फोर्टिफाइड चावल की कार्यशाला आयोजित की गयी। इस मौके पर भारतीय खाद्य निगम रुद्रपुर द्वारा खाद्यान्न की अधिप्राप्ति, संरक्षण, निर्गमन तथा पोषण युक्त चावल के बारे मे निगम के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई । कार्यशाला में आए हुए सभी छात्र छात्राओं को खाद्य भंडारण गोदाम का भ्रमण करवाया गया तथा उन्हें मौके पर निगम के विभिन्न कार्यों से अवगत करवाया गया। साथ ही भारत सरकार द्वारा खाद्यान्न से संबन्धित चलाई जाने वाली कई कल्याणकारी योजनाओ से अवगत करवाया गया। शैलेंद्र गुप्ता प्रबन्धक (गु. नि.), द्वारा खाद्यान्न के उचित भंडारण एवं



रासायनिक उपचार से संबन्धित जानकारी भी दी गई। इस दौरान निगम की ओर से केशर सिंह पँवार प्रबन्धक (डिपो), आर. सी.एस परिहार प्रबन्धक (डिपो), श्रीमती जानकी जोशी प्रबन्धक (डिपो) एवं शैलेंद्र गुप्ता प्रबन्धक (गु.नि.), तथा समस्त तकनीकी और डिपो स्टाफ के अलावा विद्या सागर जूनियर हाई स्कूल के अध्यापक कार्तिक हालदार और विशाल मण्डल भी मौजूद रहे।

# सीता स्वयंवर की लीला का सुंदर मंचन





रामनगर (उद संवाददाता)। आदर्श रामलीला समिति भवानीगंज के तत्वाधान में चल रही रामलीला के दौरान गुरुवार की रात स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगमंच पर भगवान राम द्वारा धनुष भंग ,सीता स्वयंवर,रावत वाणासुर संवाद, परशुराम लक्ष्मण संवाद की लीला का सुंदर मंचन किया गया कलाकारों द्वारा किए गए अभिनय की मौजूद दर्शकों द्वारा जमकर प्रशंसा की गई आपको बता दें कि इस वर्ष इस रामलीला के 50 वर्ष पूर्ण होने पर समिति द्वारा इस वर्ष की रामलीला को गोल्डन वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है



तथा समिति का प्रयास है कि रंगमंच दर्शकों को कुछ नया दिखाया जाए आपको बता दे कि इस रामलीला के कई कलाकार उत्तराखंड के अलावा उत्तर प्रदेश के कई शहरों में भी अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं तो वहीं कई कलाकार कई टीवी सीरियल एवं फिल्मों में भी कम कर चुके हैं। रंगमंच पर भगवान राम की भूमिका प्रदीप पूठिया, लक्ष्मण की कृष्ण कुमार शर्मा, सीता की इंदर लाल, जनक की किशोर चंद्रा, परशुराम की डॉक्टर सर्वेश शरन अग्रवाल, रावण की सुशील जोशी, बाणासुर की घनश्याम गोला, विश्वामित्र की आर पी किशोर अग्रवाल, द्वारा सुंदर ढंग से अभिनीत की गई। रामलीला का शुभारंभ बलविंदर सिंह संटू द्वारा करते हुए समिति के कार्यों की प्रशंसा की गई। इस दौरान समिति के महाप्रबंधक सुनील कुमार, सचिव अमित अग्रवाल, निर्देशक राजीव अग्रवाल मोनू, अजय अग्रवाल, अजय मित्तल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**सरकार जनसमस्याओं पर..........**

का आश्वासन दिया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि यह गोदाम भारत का पहला गोदाम है जिसका आज रामनगर में लोकार्पण किया गया है उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में अभी इस प्रकार के और गोदाम का भी लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने रामनगर में बनाए गए गोदाम के बारे में बताया कि यह गोदाम कुमाऊं और गढ़वाल के राशन डीलरों को विभागीय खाद्यान्न का वितरण करेगा। 40 लख रुपए की लागत से इसका निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर संचालित योजनाओं का जनता लाभ ले तो वहीं उन्होंने मौजूद लोगों को विभाग की कई योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका प्रसार प्रसार करने पर भी जोर दिया उन्होंने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं को लेकर पूरी तरह जहां एक और गंभीर है तो वही जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी सरकार लगातार प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

**खाद्य सुरक्षा पर ढीली पड़ती.....**

खाद्य पदार्थों की जांच की स्थिति पर दृष्टिपात करें तो राज्य का एकमात्र फूड टेस्टिंग लैब रुद्रपुर में है, जिस पर पूरे प्रदेश के सैंपल जांचने की जिम्मा है। इस फूड टेस्टिंग लब लैब की स्थापना वर्ष 2013 में की गई थी। इसके बाद से प्रदेश में खाद्य सुरक्षा के मानकों में सुधार के कोई गंभीर प्रयास नहीं हुए । कदाचित यही कारण है कि समूचे के उत्तराखंड में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच केवल चीज त्यौहारों तक सीमित होकर रह गई है ।दूषित हानिकारक एवं मिलावटी खाद्य पदार्थ राज्य में पूरे साल भर धड़ल्ले से बिक्रीत किए जाते रहते हैं, मगर उत्तराखंड का खाद्य सुरक्षा विभाग आंखें बंद किये गहरी नींद लेता रहता है । होली-दीपावली समेत अन्य कोई मुख्य त्योहार आते ही उत्तराखंड में खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रिय हो जाता है और होटल, ढाबे और दुकानों में चेकिंग शुरू की जाती है । इसके बाद अगर कोई खामी सामने आई तो खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए रुद्रपुर स्थित लैब भेजा जाता है । सीजन में केवल आठ-दस दिन तक यह सिलसिला चलता है, फिर विभाग अगले त्योहारी सीजन तक चौन की नींद सो जाता है। सैंपल की जांच रिपोर्ट कब आएगी और रिपोर्ट में क्यों देरी हो रही है ? इससे अधिकारियों का कोई वास्ता नहीं होता।कई बार तो खाद्य सैंपल की जांच रिपोर्ट आने में तीन से पांच साल भी लग जाते हैं।इसके अलावा उत्तराखंड में के लोगों में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता का भी अच्छा खासा अभाव है । राज्य की अधिकांश आबादी तो यह जानती ही नहीं कि राज्य में कोई खाद्य सुरक्षा विभाग भी है, जो मिलावटी, हानिकारक एवं दूषित खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता की जांच कर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खाद्य पदार्थ बेचने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करता है। बताने की जरूरत नहीं की राज्य में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के साथ उसके निर्माण में सफाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी खाद्य सुरक्षा विभाग की ही है साथ ही ग्राहकों को खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक करना भी खाद्य सुरक्षा विभाग का ही दायित्व है ,लेकिन देखने में आया है की राज्य के तमाम मुख्य बाजारों एवं शहर की छोटी बड़ी गलियों में खुलेआम मानकों का पालन किए बिना खाद्य पदार्थ बेचे जा रहे हैं। इन्हें न तो ढककर रखा जाता है, न खाना देते समय विक्रेता की हाथ की सफाई ही सुनिश्चित होती है, मगर खाद्य सुरक्षा विभाग सड़कों और गलियों में बिक रहे स्ट्रीट फूड की ओर झांकने तक नहीं जाता। ऐसे में उत्तराखंड का खाद्य सुरक्षा इंडेक्स में लुढ़कना स्वाभाविक ही है। अब देखना यह होगा कि उत्तराखंड सरकार का ध्यान इस और कब जाता है?

**व्यापारियों ने एच पीडी........**

के छह माह बीत जाने पर भी अभी तक रोड़ का चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। जिससे साफ जाहिर है कि पीडी का मकसद सिर्फ व्यापारियों को मुख्य मार्ग से उजाड़कर बेरोजगार करना था। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि विभाग की तानाशाही के विरूद्ध व्यापारी शांत नहीं बैठेंगे। इस दौरान हरीश अरोरा, राजीव जोशी, हरजीत सिंह, नंद किशोर, इदरीस, सुमेर सिंह प्रजापति, सुनील जडवानी, इकराम मियां, श्याम ढींगरा, सिरासजुद्दीन, किशन खुराना, सोनू बांगा, नरेन्द्र चावला, हरीश जुनेजा, इन्द्रजीत सिंह, दीपक ढीगरा, आशीष ग्रोवर, राजवीर सिंह, विपिन नारंग, राजीव जोशी, अमरजीत सिंह, अख्तर अली, मौ. इकबाल, राकेश कालड़ा, जसवीर सिंह, हबीब अहमद, सुनील कुमार, अरविंद देवल, हरजीत सिंह, कंवलजीत सिंह, गुरविन्दर सिंह, सत्यम अरोरा, राजू सोनकर, लालचन्द्र कालड़ा, जागीर सिंह, जगजीत सिंह, विनोद ठुकराल, सुनील बठला, रामलाल बठला, मुमताज , ललित मोहन, बनारसीराम ठुकराल, इसरार मियां, रमेश कालड़ा, प्रिंस बंसल आदि मौजूद थे।

**दून में सरकार के खिलाफ....**

सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पूर्व सीएम हरीश रावत का आरोप है कि सरकार ने जगह-जगह बेरिकेडिंग लगाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धरना स्थल पर पहुंचने रोका है, लेकिन पार्टी अपनी किसानों के मुद्दों को लेकर अपनी आवाज को उठाएगी।

**बागेश्वर की नवनिर्वाचित विधायक....**

मतों से जीती थीं। बागेश्वर उप चुनाव के लिए बीते पांच सितंबर को मतदान हुआ था। स्व. पूर्व कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास के निधन के बाद यह सीट खाली हुई थी। जिसके बाद भाजपा ने चंदन रामदास की पत्नी को ही चुनाव में उतारा था।

**अवैध चरस सहित....**

.देवा पुत्र शेर सिंह निवासी शास्त्रीनगर, बिन्दुखत्ता लालकुआँ बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 91 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। आवश्यक पूछताछ करने के बाद पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर सुन्दर सिंह के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# आपसी सौहार्द्र बढ़ाते हैं धार्मिक आयोजनः संजीव

किच्छा(उद संवाददाता) ।वार्ड 16 विकास कॉलोनी में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में गणेश पूजा का आयोजन किया गया। कांग्रेस के प्रदेश सचिव संजीव कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।श्री सिंह नें भगवान् गणेश की आरती की तथा देशवासियों के सुख, समृद्धि व उन्नति की कामना की। श्री सिंह ने कहा कि इस प्रकार



के आयोजनों से भक्तिमय माहौल बना रहता है और लोगों की धर्म व समाज के प्रति आस्था बनी रहती है। आपसी सौहार्द के लिए इस प्रकार के आयोजनों का होना अति आवश्यक है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए श्री सिंह नें आयोजक मंडल को बधाई दी। इस अवसर पर ब्रह्मानंद पुरोहित, कमलेश कुमार दुबे, संजय यादव, अरुण तनेजा, अशोक सिंह, कमलेश राठौर, मनोज, मनीष आदि लोग मौजूद थे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


।। जय माता दी ।।
।। जय माता दी ।।
।। जय माता दी ।।
आढ़ती एसोसिएशन
अनाज मण्डी
गदरपुर की ओर से
माता की चौकी में आप
सभी का हार्दिक स्वागत
एवं अभिनन्दन
आज दिनांक-23 सितम्बर,दिन शनिवार,समय-सायं 5 बजे से एवं दिनांक-24 सितम्बर दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से लंगर का आयोजन
स्थान-नई अनाज मण्डी,गदरपुर
सतीश धीक
अध्यक्ष अनाज मंडी गदरपुर
मो0: 9837410510
राजेश बजाज
महामंत्री
9837050582
लेखराज भुडडी
कोषाध्यक्ष
9837384593